# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

**पंचम् झारखण्ड विधान सभा** | **प्रथम सत्र**

**संख्या-01** | **सोमवार, दिनांक-06 जनवरी, 2020 ई०।**

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक।**

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**1. राज्यपाल महोदय से प्राप्त संदेश का पढ़ा जाना:-**

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव द्वारा सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान ग्रहण सम्बन्धी राज्यपाल महोदय के निम्न संदेशों को पढ़ा गया-

(क) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, द्रौपदी मुर्मू, झारखण्ड की राज्यपाल, झारखण्ड विधान-सभा के सदस्य, प्रो० स्टीफन मराण्डी को, अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होने तक अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के निमित्त नियुक्त करती हूँ।"

(ख) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, द्रौपदी मुर्मू, झारखण्ड की राज्यपाल, एतद् द्वारा-

(i) झारखण्ड विधान-सभा के सदस्य, प्रो० स्टीफन मराण्डी को वह व्यक्ति नियुक्त करती हूँ, जिसके समक्ष विधान-सभा के सदस्य शपथ या प्रतिज्ञान अध्यक्ष के निर्वाचन होने तक करेंगे,

(ii) अध्यक्ष को वह व्यक्ति नियुक्त करती हूँ, जिसके समक्ष विधान-सभा के ऐसे सदस्य जिन्होंने शपथ या प्रतिज्ञान नहीं किया हो, अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद शपथ या प्रतिज्ञान करेंगे।"

**2. माननीय प्रोटेम अध्यक्ष का सम्बोधन:-**

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा पंचम् झारखण्ड विधान-सभा के नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 180 के अधीन उन्हें सौंपे गये दायित्वों के सम्बन्ध में शपथ/प्रतिज्ञान की प्रक्रिया एवं दिनांक-07 जनवरी, 2020 की निर्धारित तिथि को विधान सभा अध्यक्ष के निर्वाचन की जानकारी दी गई तदुपरांत इस सम्बन्ध में माननीय राज्यपाल महोदया से प्राप्त निम्न संदेश को पढ़ा गया-

"झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 8 के उप नियम (1) के अनुसार मैं, द्रौपदी मुर्मू, झारखण्ड की राज्यपाल एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष के चुनाव के लिए दिनांक-07 जनवरी, 2020 की तिथि निर्धारित करती हूँ।"

P.T.O.

इसके पश्चात् माननीय अध्यक्ष, विधान सभा के नामांकन से सम्बन्धित प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में भी माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय के द्वारा विस्तृत रूप से निम्न उल्लेख किया गया–

**i-** नियम 8 (1) अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो राज्यपाल निश्चित करे और सचिव प्रत्येक सदस्य को उस तिथि की सूचना भेजेगा,

**ii-** इस प्रकार नियत तिथि के पूर्व, दिन के मध्याह्न से पहले कोई भी सदस्य किसी भी प्रस्ताव को कि किसी अन्य सदस्य को सभा का अध्यक्ष चुना जाये सचिव को सम्बोधित लिखित रूप में सूचना दे सकेगा और उस सूचना का अनुमोदन एक तीसरा सदस्य करेगा तथा उसके साथ उस सदस्य का, जिसका नाम सूचना में प्रस्थापित किया जाये यह कथन संलग्न होगा कि निर्वाचित होने पर वह अध्यक्ष के रूप में कार्य करने को सहमत हैं,

परन्तु कोई सदस्य अपना स्वयं का नाम प्रख्यापित नहीं करेगा, न उसका अपना नाम प्रस्थापित करने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन करेगा और न ही एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्थापित या अनुमोदित करेगा।

इसके उपरांत माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने झारखण्ड के तमाम वीर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए उनके सपनों को साकार करने और मिल करके झारखण्ड को आगे बढ़ाने की हार्दिक कामना भी की।

### 3. शपथ/प्रतिज्ञान ग्रहण:–

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमति के पश्चात् नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान हेतु बारी-बारी से सभा सचिव द्वारा नाम पुकारा गया तदनुसार निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शपथ/प्रतिज्ञान लिया–

| क्रम संख्या | क्षेत्र संख्या | क्षेत्र का नाम | माननीय सदस्य का नाम | शपथ/प्रतिज्ञान की भाषा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03 | बरहेट | श्री हेमन्त सोरेन | हिन्दी |
| 2. | 05 | पाकुड़ | श्री आलमगीर आलम | हिन्दी |
| 3. | 72 | लोहरदगा | श्री रामेश्वर उराँव | हिन्दी |
| 4. | 27 | चतरा | श्री सत्यानन्द भोक्ता | हिन्दी |
| 5. | 01 | राजमहल | श्री अनन्त कुमार ओझा | संस्कृत |
| 6. | 02 | बोरियो | श्री लोबिन हेम्ब्रम | संथाली |
| 7. | 04 | लिट्टीपाड़ा | श्री दिनेश विलियम मराण्डी | हिन्दी |
| 8. | 07 | शिकारीपाड़ा | श्री नलिन सोरेन | संथाली |
| 9. | 08 | नाला | श्री रवीन्द्रनाथ महतो | हिन्दी |
| 10. | 09 | जामताड़ा | श्री इरफान अंसारी | हिन्दी |
| 11. | 11 | जामा | श्रीमती सीता मुर्मू | संथाली |
| 12. | 12 | जरमुण्डी | श्री बादल | हिन्दी |
| 13. | 13 | मधुपुर | श्री हाजी हुसैन अंसारी | उर्दू |
| 14. | 14 | सारठ | श्री रणधीर कुमार सिंह | हिन्दी |
| 15. | 15 | देवघर | श्री नारायण दास | खोरठा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16. | 16 | पौड़ैयाहाट | श्री प्रदीप यादव | हिन्दी |
| 17. | 17 | गोड्डा | श्री अमित कुमार मण्डल | अंगिका |
| 18. | 18 | महगामा | श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | हिन्दी |
| 19. | 19 | कोडरमा | डॉ० नीरा यादव | हिन्दी |
| 20. | 20 | बरकट्ठा | श्री अमित कुमार यादव | हिन्दी |
| 21. | 21 | बरही | श्री उमाशंकर अकेला | हिन्दी |
| 22. | 28 | धनवार | श्री बाबूलाल मराण्डी | हिन्दी |
| 23. | 61 | सिल्ली | श्री सुदेश कुमार महतो | हिन्दी |
| 24. | 51 | सरायकेला | श्री चम्पाई सोरेन | हिन्दी |
| 25. | 79 | हुसैनाबाद | श्री कमलेश कुमार सिंह | हिन्दी |
| 26. | 35 | बेरमो | श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 27. | 29 | बगोदर | श्री बिनोद कुमार सिंह | हिन्दी |
| 28. | 22 | बड़कागाँव | सुश्री अम्बा प्रसाद | हिन्दी |
| 29. | 23 | रामगढ़ | श्रीमती ममता देवी | हिन्दी |
| 30. | 24 | माण्डू | श्री जय प्रकाश भाई पटेल | हिन्दी |
| 31. | 25 | हजारीबाग | श्री मनीष जायसवाल | हिन्दी |
| 32. | 26 | सिमरिया | श्री किशुन कुमार दास | हिन्दी |
| 33. | 30 | जमुआ | श्री केदार हजरा | हिन्दी |
| 34. | 31 | गाण्डेय | डॉ० सरफराज अहमद | हिन्दी |
| 35. | 32 | गिरिडीह | श्री सुदिव्य कुमार | खोरठा |
| 36. | 33 | डुमरी | श्री जगरनाथ महतो | खोरठा |
| 37. | 34 | गोमिया | श्री लम्बोदर महतो | खोरठा |
| 38. | 36 | बोकारो | श्री बिरंची नारायण | संस्कृत |
| 39. | 37 | चंदनकियारी | श्री अमर कुमार बाउरी | बांग्ला |
| 40. | 38 | सिंदरी | श्री इन्द्रजीत महतो | हिन्दी |
| 41. | 39 | निरसा | श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता | हिन्दी |
| 42. | 40 | धनबाद | श्री राज सिन्हा | संस्कृत |
| 43. | 41 | झरिया | श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह | हिन्दी |
| 44. | 42 | टुण्डी | श्री मथुरा प्रसाद महतो | खोरठा |
| 45. | 43 | बाघमारा | श्री ढुलू महतो | हिन्दी |
| 46. | 44 | बहरागोड़ा | अनुपस्थित | — |
| 47. | 45 | घाटशिला | श्री रामदास सोरेन | संथाली |
| 48. | 46 | पोटका | श्री संजीव सरदार | हिन्दी |
| 49. | 47 | जुगसलाई | श्री मंगल कालिंदी | हिन्दी |
| 50. | 48 | जमशेदपुर (पूर्व) | श्री सरयू राय | हिन्दी |
| 51. | 49 | जमशेदपुर(प०) | श्री बन्ना गुप्ता | हिन्दी |
| 52. | 50 | ईचागढ़ | श्रीमती सविता महतो | हिन्दी |
| 53. | 52 | चाईबासा | श्री दीपक बिरूवा | हो |

P.T.O.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 54. | 53 | मझगांव | श्री निरल पुरती | हो |
| 55. | 54 | जगरनाथपुर | श्री सोनाराम सिंकू | हो |
| 56. | 55 | मनोहरपुर | श्रीमती जोबा मांझी | हिन्दी |
| 57. | 56 | चक्रधरपुर | श्री सुखराम उराँव | हिन्दी |
| 58. | 57 | खरसावां | श्री दशरथ गागराई | हो |
| 59. | 58 | तमाड़ | श्री विकास कुमार मुण्डा | हिन्दी |
| 60. | 59 | तोरपा | श्री कोचे मुण्डा | हिन्दी |
| 61. | 60 | खूँटी | श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | हिन्दी |
| 62. | 62 | खिजरी | श्री राजेश कच्छप | हिन्दी |
| 63. | 63 | राँची | श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 64. | 64 | हटिया | श्री नवीन जयसवाल | हिन्दी |
| 65. | 65 | कांके | श्री समरीलाल | हिन्दी |
| 66. | 66 | मांडर | श्री बन्धु तिर्की | कुडुख |
| 67. | 67 | सिसई | श्री जिग्गा सुसारन होरो | हिन्दी |
| 68. | 68 | गुमला | श्री भूषण तिर्की | कुडुख |
| 69. | 69 | विशुनपुर | श्री चमरा लिण्डा | हिन्दी |
| 70. | 70 | सिमडेगा | श्री भूषण बाड़ा | हिन्दी |
| 71. | 71 | कोलेबिरा | श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | हिन्दी |
| 72. | 73 | मनिका | श्री रामचन्द्र सिंह | हिन्दी |
| 73. | 74 | लातेहार | श्री वैद्यनाथ राम | हिन्दी |
| 74. | 75 | पांकी | श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता | नागपुरी |
| 75. | 76 | डाल्टनगंज | श्री आलोक कुमार चौरसिया | हिन्दी |
| 76. | 77 | विश्रामपुर | श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | हिन्दी |
| 77. | 78 | छतरपुर | श्रीमती पुष्पा देवी | हिन्दी |
| 78. | 80 | गढ़वा | श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर | मैथिली |
| 79. | 81 | भवनाथपुर | श्री भानू प्रताप शाही | हिन्दी |

इसके उपरांत क्षेत्र संख्या-44, बहरागोड़ा, श्री समीर मोहंती को पुनः पुकारा गया, परन्तु वे सदन से अनुपस्थित रहे।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक- 07.01.2020 के 10.30 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 06 जनवरी, 2020 ई०।

महेन्द्र प्रसाद
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—